PRGI.Reg.-CHHHIN/2023/88305

# पिलखा भूमि

संपादक :– मनीष वैद्य
मोबाइल नंबर :– 9165046978
ईमेलः–manishvaidy538@gmail.com

वर्ष 01 अंक 06 संजयनगर (जिला सूरजपुर छ,ग ) से प्रकाशित हिंदी मासिक जनवरी 2025 पृष्ठ 4 मूल्य 5

## बलरामपुर 76 वे गणतंत्र दिवस के अवसर पर बलरामपुर प्रेस क्लब भवन में धजारोहण किया गया

संवाददाता– समृद्ध मंडल
पिलखाभूमि– बलरामपुर
26 जनवरी 2025

. तथा गणतंत्र दिवस भारतीय संविधान की अहमियत और उसकी स्थापना के दिन को याद किया गया.. 26 जनवरी 1950 को भारतीय संविधान लागू होने के साथ भारत एक लोकतांत्रिक गणराज्य बना.. यह दिन भारतीय नागरिकों के अधिकारों, स्वतंत्रता और समानता का प्रतीक है.. आज हम सभी प्रेस क्लब के भवन में उपस्थित हुए और इस पल को अपने में समा. हित किया..



देशभर में 76 वें गणतंत्र दिवस के अवसर पर बलरामपुर जिला प्रेस क्लब कार्यालय में बड़े ही उत्साह के साथ ध्वजारोहण कार्यक्रम का आयोजन किया गया.. इस मौके पर प्रेस क्लब के सदस्यों ने देशभक्ति और उत्साह के साथ तिरंगे को सलामी दी.. इस अवसर पर वक्ताओं ने गणतंत्र दिवस की महत्ता पर प्रकाश डालते हुए देश की एकता और अखंडता बनाए रखने का संदेश दिया.. आयोजन में स्थानीय नागरिकों और पत्रकारों ने भी हिस्सा लिया.. वहीं इस ध्वजारोहण कार्यक्रम में प्रेस क्लब के जिला उपाध्यक्ष संजय गुप्ता ने राष्ट्रीय ध्वज को फहराया इस मौके पर क्लब के सचिव सूरज गुप्ता, संरक्षक धुरंधर तिवारी, इजहार अहमद अंसारी, प्रेस क्लब के मुख्यालय के ब्लॉक अध्यक्ष राजेन्द्र ठाकुर, अंजुम अंसारी, विजय सिंह, समृद्ध मंडल एवं अन्य प्रेस क्लब के पदाधिकारी वह सदस्य उप. स्थित है..

## अवैध मदिरा पर आबकारी जाँच चौकी धनवार जिला बलरामपुर में आबकारी विभाग की कार्यवाही

संवाददाता– समृद्ध मंडल
पिलखाभूमि– बलरामपुर

कलेक्टर बलरामपुर राजेंद्र कुमार कटारा के निर्देशानुसार एवं जिला आबकारी अधिकारी एस. के. सूर्यवंशी के मार्गदर्शन में आबकारी उप निरीक्षक नीरज कुमार साहू एवं आबक. ारी उप निरीक्षक अभिषेक कुमार राजवाड़े के सामूहिक नेतृत्व में आबकारी जाँच चौकी धनवार, जिला – बलरामपुर छ. ग में दिनांक 23ध01ध2025 को वाहन जाँच के दौरान ट्रक क्रमांक ब्ळ 04 स्ग् 1061से विद. `शी मदिरा व्हिस्की केवल उत्तरप्रदेश में बिक्री हेतु उत्तरप्रदेश का लेबल लगा हुआ जप्त कर कार्यवाही की गई आरोपी का नाम वीरेंद्र कुमार`ध्व शोभनाथ उम्र 30 वर्ष निवासी



मनेहु थाना जेठवारा जिला प्रतापगढ़ (उत्तरप्रदेश) एवं राज कमल सिंह पिता शिव प्रताप सिंह उम्र 26 निवासी कच्चा थाना जेठवारा जिला प्रतापगढ़ ( उत्तरप्रदेश ) के पास से (1) ब्लैक डॉग 6 बोतल एवं सिग्नेचर 6 बोतल कुल मात्रा 9 लीटर बरामद किया जाकर आबकारी अधिनियम की धारा 34(1)(क), 34(2), 59(क) व 36 के तहत गैर जमानती अपराध होने से प्रकरण कायम कर गिरफ्तार कर न्यायिक रिमांड पर जेल भेजा गया । उक्त कार्यवाही मे मुख्य आरक्षक रू– गिरजा शंकर शुक्ला , धर्मजीत राम शर्मा, नगर सैनिक कलिस्ता एक्का एवं वाहन चालक अमोल सिंह आर्मो का महत्वपूर्ण योगदान रहा।

## भूमि अधिग्रहण एवं रकबा सुधार हेतु दावा आपत्ति की अंतिम तिथि 6 फरवरी तक

संवाददाता –मो शाजिद अ ल ी
पिलखाभूमि–एमसीबी–23 जनवरी 2025 न्यायालय अति. रिक्त तहसीलदार उप तहसील नागपुर 03 जनवरी 2025 अनावेदक गोकुल पिता जवनाथ, निवासी ग्राम सरोला जिला एमसीबी द्वारा जारी पत्र क्र.ध्फध्अति.तह.ध्वाचकध्2025 में बताया गया है कि ग्राम सरोला, उप तहसील नागपुर, जिला एमसीबी स्थित भूमि खसरा नंबर 54, 61ध्20, 108ध्3, 108ध्4, रकबा क्र0 1.4610, 0.1290, 0. 5470, 1.5380 हेक्टर, नागपुर चिरमिरी रोड हाल्ट 17 कि.मी. रेल परियोजना के विस्तार हेतु भूमि अधिग्रहण किया जा रहा है। इस भूमि के अधिग्रहण के संदर्भ में हल्का पटवारी नं.–06 द्वारा प्रस्तुत किए गए प्रतिवेदन में उल्लेख किया गया है कि ग्राम सरोला के 4 खसरों में जिनके वर्तमान और मिसल वर्ष 1944–45 के रकबे में भिन्नता पाई गई है। इसके आधार पर रकबे में सुधार किया जाना है। इस संदर्भ में, यदि कोई व्यक्ति उपरोक्त भूमि के संबंध में दावा या आपत्ति प्रस्तुत करना चाहता है, तो उसे 06 फरवरी 2025 तक प्रस्तुत करना होगा। निर्धारित तिथि के पश्चात् प्राप्त किसी भी प्रकार की आपत्ति या दावा स्वीकार नहीं किया जाएगा।

## महिला एवं बाल विकास मंत्री लक्ष्मी राजवाड़े ने किया ध्वजारोहण

### देशभक्ति से ओत–प्रोत सांस्कृतिक कार्यक्रम का बच्चों ने दी प्रस्तुति

बलरामपुर 26 जनवरी 2025– 76 वां गणतंत्र दिवस बलरामपुर–रामानुजगंज जिले में हर्षोल्लास के साथ मनाया गया। जिला मुख्यालय बलरामपुर के पुलिस लाईन ग्राउंड में आयोजित गणतंत्र दिवस के मुख्य समारोह में महिला एवं बाल विकास तथा समाज कल्याण विभाग मंत्री लक्ष्मी रा. जवाड़े ने ध्वजारोहण कर परेड की सलामी ली तथा मुख्यमंत्री के प्रदेश की जनता के नाम प्रेषित संदेश का वाचन किया। मुख्य समारोह में महिला एवं बाल विकास तथा समाज कल्याण विभाग मंत्री लक्ष्मी रा. जवाड़े ने समारोह स्थल पर ध्वजारोहण किया। ध्वजारोहण के साथ ही राष्ट्रगान का गायन किया गया। ध्वजारोहण के पश्चात महिला एवं बाल विकास तथा समाज कल्याण विभाग मंत्री लक्ष्मी राजवाड़े ने कले. क्टर राजेन्द्र कटारा और प्रभारी पुलिस अधीक्षक विश्व दीपक त्रिपाठी के साथ परेड का निरीक्षण किया, इसके पश्चात मंत्री राजवाड़े ने मुख्यमंत्री विष्णुदेव साय के प्रदेश की जनता के नाम प्रेषित संदेश का वाचन किया। मुख्य अतिथि द्वारा राष्ट्रीय ध्वज के प्रतीक गुब्बारे व शांति के प्रतीक श्वेत कपोत आकाश में छोड़े गये। तत्पश्चात परेड में शामिल पुलिस बल, नगर सेना की सशस्त्र टुकडियां द्वारा हर्षफायर कर राष्ट्रीय ति. रंगे को सलामी दी गयी और राष्ट्रपति का जय घोष किया गया। कार्यक्रम की अगली कड़ी में परेड कमांडर रक्षित निरीक्षक विमलेश कुमार देवांगन व परेड टू आईसी हिम्मत सिंह शेखावत के नेतृत्व में 12वीं वाहनी छत्तीसगढ़ सशस्त्र बल रामानुजगंज, 10वीं वाहिनी छत्तीसगढ़ शस्त्र बल, जिला पुलिस बल पुरूष, महिला पुलिस बल बलरामपुर, पुरूष नगर सेना बलरामपुर, वन विभाग, एनसीसी बालक, एनएसएस बालिका, एनएसएस बालक, स्वामी आत्मांनद विद्यालय बलरामपुर बालक एवं बालिका, शासकीय कन्या उच्चतर माध्यमिक विद्यालय बलरामपुर, सरस्वती शिशु मंदिर बलरामपुर बालक व बालिका के दलों ने देशभक्ति धुनों पर कदम से कदम मिलाते हुए आकर्षक मार्चपास्ट का प्रदर्शन किया और मंच के सम्मुख पहुंच राष्ट्रीय ध्वज और मुख्य अतिथि को पूरे जोश और उत्साह से सलामी दी। परेड के बाद मंत्री लक्ष्मी राजवाड़े ने जिले के शहीद जवानों के परि. जनों को शॉल व श्रीफल देकर सम्मानित किया गया।





### प्रदर्शित झांकी रही ला. `गों के आकर्षण का केन्द्र

गणतंत्र दिवस के अवसर पर विभिन्न विभागों द्वारा थीम आधारित झाकियों की प्रदर्शन किया गया। जिसमें शिक्षा विभाग द्वारा जाबो कार्यक्रम के अंतर्गत डोर टू डोर कैंपेन के माध्यम से नाम जुड़वाने हेतु प्रेरित किया गया। यातायात विभाग द्वारा सड़क सुरक्षा अभियान अंतर्गत शराब सेवन से दुर्घटना, जनहानि के बारे में दिखाया गया। पंचायत एवं ग्रामीण विकास विभाग द्वारा रोजगार प्रदान कर महिलाओं को सशक्तिकरण, महिला एवं बाल विकास विभाग द्वारा बाल विवाह मुक्त बलरामपुर का मॉडल प्रस्तुत किया गया। वन विभाग द्वार जैव विविधता संरक्षण, शिक्षा विभाग द्वारा नालंदा परिसर, आदिवासी विभाग द्वारा आदिवासी संस्कृति संरक्षण जिसमें आदिवासियों के पारंपरिक वाद्ययंत्र, जनजातियों के नृत्य का प्रदर्शन किया गया। इसके साथ ही कृषि विभाग, उद्यान विभाग, पशुपालन विभाग, मत्स्य पालन विभाग स्वास्थ्य विभाग, लोक स्वास्थ्य यांत्रिकी व जल संसाधन विभाग द्वारा आकर्षक झांकी का प्रदर्शन किया गया।

### स्कूली बच्चों ने सांस्कृतिक रंगारंग कार्यक्रमों की दी प्रस्तुति

सांस्कृतिक कार्यक्रम में पहाड़ी कोरवा आवासीय विद्यालय भेलवाडीह, पोस्ट मैट्रिक कन्या छात्रावास रामानुजगंज, एकलव्य विद्यालय रामानुजगंज, शासकीय कन्या उच्चतर माध्यमिक विद्यालय बलरामपुर, कस्तुरबा आवासीय विद्यालय राजपुर, पीएमश्री जवाहर नवोदय एकलव्य विद्यालय भेलवाडीह, पीएम श्री एकलव्य विद्यालय भेलवाडीह एवं निर्मला उर्सुलाईन उच्चतर माध्यमिक विद्यालय झिंगो(रा. जपुर) के छात्र–छात्राओं ने देश भक्ति गीतों ओत–प्रोत कार्यक्रमों की शानदार प्रस्तुति दी। कार्यक्रम की अंतिम कड़ी में मुख्य अतिथि द्वारा मार्च पास्ट, सांस्कृतिक कार्यक्रमों और जिले में उल्लेखनीय कार्य करने वाले अधिकारियोंध्कर्मचारियों को शील्ड तथा प्रशस्ति पत्र प्रदान कर सम्मानित किया गया। कार्यक्रम में मार्च पास्ट की उत्कृ ष्ट प्रस्तुति पर सीनियर वर्ग में छ.ग. सशस्त्र बल 12वीं वा. हिनी(भाध्र) रामानुजगंज को प्रथम, नगर सेना पुरुष बलरामपुर को द्वितीय तथा छ. ग. सशस्त्र बल 10वीं वाहिनी 'ए' कंपनी, 11वीं वाहिनी 'बी' एवं 6वीं वाहिनी 'ई' कंपनी को तृतीय स्थान प्राप्त हुआ। इसी प्रकार जूनियर वर्ग में एनसीसी शासकीय महाविद्यालय बलरामपुर प्रथम स्थान, सरस्वती शिशु मंदिर, उच्चतर माध्यमिक विद्यालय बलरामपुर(बालिका) को द्वितीय स्थान तथा स्वामी आत्मानंद उत्कृष्ट(हिन्दी माध्यम) उच्चतर माध्यमिक विद्यालय बलरामपुर(बालक) को तृतीय स्थान प्राप्त हुआ। सांस्कृतिक कार्यक्रमों में निर्मला उर्सुलाईन उच्चतर माध्यमिक विद्यालय झिंगो(राजपुर) को प्रथम स्थान, कस्तूरबा गांधी आवासीय विद्यालय राजपुर को द्वितीय स्थान एवं पीएमश्री एकलव्य विद्यालय भेलवाडीह को तृतीय स्थान प्राप्त हुआ। इसी क्रम में विभागीय झांकियों में यातायात विभाग को प्रथम, आदिवासी विकास विभाग को द्वितीय तथा पंचायत एवं ग्रामीण विकास विभाग को तृतीय स्थान प्राप्त हुआ। साथ ही आकर्षक पीटी करने पर पहाड़ी कोरवा आवासीय विद्यालय भेलवाडीह को शिल्ड प्रदान किया गया। इसके साथ ही मुख्य अतिथि श्रीमती लक्ष्मी राजवाड़े ने प्रा. `जेक्ट वीरगाथा 4.0 कार्यक्रम के अंतर्गत चयनित विजेता बच्चों में अतिश आयम, प्राथमिक शाला परसापारा, कुमार अकांक्षा, पूर्व माध्यमिक शाला पण्डरी, कुमारी सोनम प्रधान डी.ए.व्ही. मुख्यमंत्री पब्लिक स्कूल भंवरमाल तथा रामानंद गुप्ता शासकीय उच्चतर माध्यमिक विद्यालय चुनापाथर को प्रशस्ति प्रमाण पत्र एवं स्मृति चिन्ह देकर सम्मानित किया गया। इस दौरान सामरी विधायक उद्धेश्वरी पैकरा, जिला पंचायत सीईओनयनतारा सिंह तोमर, अपर कलेक्टर आर.एस. लाल सहित गणमान्य नागरिक, विभिन्न विभागों के अधिकारी–कर्मचारी, शिक्षक–शिक्षिकाएं, बड़ी संख्या में शालेय छात्र–छात्राएं तथा आमजन उपस्थित रहे।






26 jan 2025 pilkha bhoomi -manish_manish 1/29/2025 4:00 PM Page 2










































































26 jan 2025 pilkha bhoomi -manish_manish 1/29/2025 4:00 PM Page 4



# नगर पालिक निगम अम्बिकापुर महापौर हेतु कुल 06 प्रत्याशियों ने दाखिल किए नाम निर्देशन पत्र नगर पंचायत लखनपुर अध्यक्ष हेतु 03 प्रत्याशियों एवं नगर पंचायत सीतापुर अध्यक्ष हेतु 06 प्रत्याशियों ने दाखिल किए नाम निर्देशन पत्र

## 29 जनवरी को होगी संवीक्षा एवं 31 जनवरी तक ले सकेंगे नाम वापस

संपादक :– मनीष वैद्य



**पिलखाभूमि–अम्बिकापुर** 28 जनवरी 2025 नगरीय निकाय निर्वाचन 2025 के तहत नाम निर्देशन जमा करने का अंतिम दिन मंगलवार को रहा। नगर पालिका निगम महापौर के लिए कुल 06 प्रत्याशियों ने नाम निर्देशन पत्र जमा किए हैं। जिनमें भारतीय जनता पार्टी से श्रीमती मंजूषा भगत, इंडियन नेशनल कांग्रेस से अजय तिर्की, आम आदमी पार्टी से राजीव लकड़ा,हमर राज पार्टी तरूण कुमार भगत, बहुजन समाज पार्टी से प्रकाश कुमार किस्पोट्टा, गोंडवाना गणतंत्र पार्टी से माधुरी सिंह सांडिल ने नामांकन दाख़िल किया है। वहीं नगर पालिका निगम अम्बिकापुर के कुल 48 वार्डों हेतु 154 प्रत्याशियों ने नामांकन पत्र दाखिल किया है।

**नगर पंचायत लखनपुर में 03 प्रत्याशियों ने अध्यक्ष एवं 36 प्रत्याशियों ने पार्षदों हेतु नामांकन पत्र किए दाख़िल–** नगर पंचायत लखनपुर हेतु नाम निर्देशन के अंतिम दिन तक कुल 03 अध्यक्ष हेतु नामांकन पत्र दाख़िल किए गए हैं, जिसमें भारतीय जनता पार्टी से अनिशा गुप्ता एवं सावित्री साहू, इण्डियन नेशनल कांग्रेस से शिखा रमेश जायसवाल ने नामांकन दाखिल किया है। वहीं नगर पंचायत लखनपुर के 15 वार्डों हेतु कुल 36 प्रत्याशियों ने पार्षद के लिए नामांकन पत्र दाख़िल किए हैं।

**नगर पंचायत सीतापुर में 04 प्रत्याशियों ने अध्यक्ष एवं 49 प्रत्याशियों ने पार्षदों हेतु नामांकन पत्र किए दाख़िल–** नगर पंचायत लखनपुर हेतु नाम निर्देशन के अंतिम दिन तक कुल 04 अध्यक्ष हेतु नामांकन पत्र दाख़िल किए गए हैं, जिसमें भारतीय जनता पार्टी से अमृता पैकरा, इंडियन नेशनल कांग्रेस से प्रेम दान कुजूर तथा निर्दलीय प्रत्याशी गिरधर राम भगत एवं सुरेंद्र पैकरा द्वारा नामांकन दाखिल किया गया है। वहीं नगर पंचायत सीतापुर के 15 वार्डों हेतु कुल 49 प्रत्याशियों ने पार्षद के लिए नामांकन पत्र दाख़िल किए हैं।

# विद्या स्व–सहायता समूह द्वारा संचालित कैंटीन आत्मनिर्भरता की बनी मिसाल



**सूरजपुर 14 जनवरी 2025** में राष्ट्रीय शहरी आजीविका मिशन के तहत गठित विद्या स्व–सहायता समूह ने एक नई पहल करते हुए कैंटीन संचालन का कार्य शुरू किया है। यह कैंटीन न केवल स्वादिष्ट और किफायती भोजन उपलब्ध करा रही है, बल्कि महिलाओं को आत्मनिर्भर बनाने की दिशा में एक महत्वपूर्ण कदम भी है। समुह की अध्यक्ष राधा साहू ने बताया कि हम लोगो के द्वारा राष्ट्रीय शहरी आजीविका मिशन के स्व रोजगार योजना घटक के तहत बैंक से ऋण प्राप्त कर कैंटीन संचालन का कार्य प्रारंभ किया जहाँ समूह की महिलाएं मिलकर भोजन तैयार कर रही हैं और ग्राहकों को परोस रही हैं। उनका उद्देश्य गुणवत्तापूर्ण और स्वच्छ भोजन उपलब्ध कराना है। कैंटीन का संचालन पूरी तरह से समूह द्वारा किया जा रहा है, जिसमें भोजन निर्माण, ग्राहक सेवा, और वित्तीय प्रबंधन शामिल है। राष्ट्रीय शहरी आजीविका मिशन के स्व सहायता समूह की इस पहल से महिलाओं को न केवल रोजगार मिला है, बल्कि वे वित्तीय सशक्तिकरण की दिशा में भी अग्रसर हो रही हैं। कैंटीन के माध्यम से न केवल महिलाओं का आत्मविश्वास बढ़ा है, बल्कि उनके परिवार की आर्थिक स्थिति में भी सुधार हुआ है। विद्या स्व–सहायता समूह की सदस्य गीता सिंह ने कहा, ष्इस पहल से हमें अपनी पहचान बनाने का मौका मिला है। अब हम अपने परिवार का बेहतर तरीके से सहयोग कर पा रहे हैं।ष् इसके लिए मै प्रधानमंत्री श्री नरेंद्र मोदी सहित छत्तीसगढ़ के यशस्वी मुख्यमंत्री विष्णुदेव साय एवं उपमुख्यमंत्री एवं नगरीय प्रशासन मंत्री श्री अरुण साव का का आभार जताते हुए कहा कि इस योजना से समूह की महिलाओ को बड़ी सहायता मिल रही हैं। यह कैंटीन न केवल एक व्यवसाय है, बल्कि समाज में महिलाओं को सशक्त बनाने की प्रेरणा भी दे रही है। राष्ट्रीय शहरी आजीविका मिशन जैसी योजनाओं के माध्यम से इस तरह के प्रयास देशभर में स्वावलंबन का मार्ग प्रशस्त कर रहे हैं।

# भूमि रामतलीकरण से हेमला नंदा के जीवन में आई खुशहाली



**सुकमा, 01 जनवरी 2025** कलेक्टर देवेश कुमार ध्रुव के निर्देशन तथा जिला सीईओ नम्रता जैन के मार्गदर्शन में जिले में हितग्राहीमूलक कार्यों को गुणवत्तापूर्ण समयसीमा में पूर्ण किया जा रहा है। इसका सकारात्मक असर गांव और ग्रामीणों में आसानी से देखा जा रहा है।

कोंटा विकासखंड के ग्राम पंचायत सामस ट्टी के ग्रामीण हेमला नंदा पिता जोगा के पास लगभग 01 एकड़ भूमि मरान पड़ी हुई थी। जमीन होने के बावजूद भी जमीन फसल के लायक नहीं थी जिसके लिए हितग्राही द्वारा ग्राम पंचायत में मनरेगा के अंतर्गत भूमि समतलीकरण के लिए विधिवत आवेदन किया गया। कार्य स्वीकृत होने पश्चात् ग्राम पंचायत के सरपंच, सचिव और रोजगार सहायक द्वारा विशेष रूची लेकर भूमि समतलीकरण कार्य को समयावधि में पूर्ण किया गया।

पूर्व में हितग्राही हेमला नंदा की भूमि बंजर पड़ी हुई थी जिसका भूमि रामतलीकरण किया गया। उनके द्वारा भूमि समतलीकरण के उपरांत अपने खेत में धान फसल का उत्पादन किया जा रहा है और उत्पादित फसल को धान उपार्जन केंद्र के माध्यम से बेचा जा रहा है। इससे उनकी आर्थिक स्थिति मजबूत हो रही है और घर–परिवार में खुशहाली आ रही है। फसल उत्पादन के द्वारा आय के अतिरिक्त स्रोत मिल जाने से परिवार के सभी सदस्य खुश हैं। भूमि समतलीकरण होने पर हितग्राही हेमला नंदा के द्वारा छत्तीसगढ़ सरकार के मुखिया विष्णुदेव साय और शासन–प्रशासन को धन्यवाद ज्ञापित किया गया।

# कलेक्टर धर्मेश साहू ने सारंगढ़ कलेक्टोरेट में ध्वजारोहण किया



**सारंगढ़ बिलाईगढ़,** 27 जनवरी 2025 कलेक्टर धर्मेश कुमार साहू ने गणतंत्र दिवस पर्व पर सारंगढ़ के कलेक्टोरेट में ध्वजारोहण किया। ध्वजारोहण के पहले, कलेक्टर ने भारतमाता, छत्तीसगढ़ महतारी, राष्ट्रपिता महात्मा गांधी, बाबा साहेब डॉ भीमराव अम्बेडकर की प्रतिमा पर पुष्प अर्पित किया। उन्होंने सभी अधिकारियों एवं कर्मचारियों को गणतंत्र दिवस की हार्दिक बधाई एवं शुभकामनाएं दी। इस अवसर पर विभिन्न विभागों के अधिकारी कर्मचारी उपस्थित थे। इस दौरान कलेक्टर कार्यालय के सभाकक्ष में कलेक्टर धर्मेश साहू ने कहा कि गणतंत्र आजाद भारत के कारण ही हम आज निर्भीक जीवन जी रहे हैं। अपने अधिकारों का हम जीवन में उपयोग कर रहे हैं। इसलिए हर क्षण इस अवसर को याद रखना चाहिए क्योंकि यह बड़ी क्षण है गणतंत्र का। आप देखेंगे कई देशों में जहां पर गणतंत्र नहीं है वहां पर कितना कठिन मुश्किल है। हमको तुलना करके देखना चाहिए कि हम कितने भाग्यशाली हैं। हमारे देश को इतना अच्छा संविधान मिला है। यह हमारी जवाबदारी भी है इसको सही मायने में हमको बनाए रखना है हम अपने कर्तव्य को सही ढंग से निभाएं। इसी आव्हान के साथ कलेक्टर धर्मेश साहू ने सभी अधिकारियों कर्मचारियों को पुनः बधाई और शुभकामनाएं दी। इस अवसर पर कलेक्टर धर्मेश कुमार साहू की धर्मपत्नी उपमा साहू ने कहा कि सभी ईमानदारी से कार्य करें। हमारे देश में देशवासियों ने इतने ईमानदारी से कार्य किए हैं, जिसकी बदौलत विश्व में भारत का नाम हुआ है। आप सभी देश के उन्नति के लिए कार्य करें। उन्होंने सभी अधिकारियों कर्मचारियों को गणतंत्र दिवस की बधाई और शुभकामनाएं दी। इस अवसर पर सहायक आयुक्त आदिवासी विकास श्री बद्रीश सुखदेवे, सेवानिवृत अधीक्षकरामरतन अजगल्ले और सहायक ग्रेड 2 जे आर रात्रे ने छत्तीसगढ़ी गीत की मधुर प्रस्तुति दी। इस मौके पर कलेक्टर कार्यालय के और जिला स्तरीय अधिकारियों ने अपने विचार व्यक्त किए। इस अवसर पर अधिकारी व कर्मचारीगण उपस्थित थे।

# राज्यपाल डेका को लोक सेवा आयोग की कार्यवाहक अध्यक्ष सुश्री शांडिल्य ने वार्षिक प्रतिवेदन सौंपा



**रायपुर, 29 जनवरी 2025** राज्यपाल रमेन डेका से आज राजभवन में छत्तीसगढ़ लोक सेवा आयोग की कार्यवाहक अध्यक्ष सुश्री रीता शांडिल्य ने मुलाकात की। उन्होंने छत्तीसगढ़ राज्य लोक सेवा आयोग का तेइसवां वार्षिक प्रतिवेदन डेका को सौंपा।

इस अवसर पर राज्य लोक सेवा आयोग के सदस्य डॉ. प्रवीण वर्मा, डॉ. सरिता उइके, संतकुमार नेताम, सचिव अभिजीत सिंह एवं परीक्षा नियंत्रक लीना कोसम उपस्थित थे।

# मुख्यमंत्री कन्या विवाह योजना विधिवत मंत्रोच्चार के साथ 120 जोड़े बंधे परिणय सूत्र में



**सक्ती, 17 जनवरी 2025** सांसद लोकसभा क्षेत्र जांजगीर चांपा श्रीमती कमलेश जांगडे के मुख्य आतिथ्य में विगत दिवस नंदेली भाठा मैदान सक्ती में मुख्यमंत्री कन्या विवाह योजना अंतर्गत सामूहिक कन्या विवाह कार्यक्रम का आयोजन किया गया, जिसके तहत कुल 120 जोड़े दाम्पत्य सूत्र में बंधे स छत्तीसगढ़ शासन के इस महती योजना के तहत सक्ती जिले में एकीकृत बाल विकास परियोजना डभरा, जैजैपुर, मालखरौदा और सक्ती के प्रति परियोजना अंतर्गत 30–30 जोडो का लक्ष्य के अनुसार सामूहिक विवाह कार्यक्रम विधिवत रूप से संपन्न किया गया।

सक्ती जिले के नंदेली भाठा मैदान में आयोजित मुख्यमंत्री कन्या विवाह कार्यक्रम का शुभारम्भ सांसद लोकसभा क्षेत्र जांजगीर चांपा श्रीमती कमलेश जांगडे द्वारा माँ सरस्वती की प्रतिमा पर द्वीप प्रज्जवलित और पुष्पमाला अर्पित कर किया गया स इस अवसर पर विवाहित जोड़ों को सांसद श्रीमती जांगड़े की उपस्थिति में बाजे गाजे के साथ बारात प्रस्थान, विधिवत मंत्रोच्चार के साथ वर–वधु के 7 फेरे, कन्यादान, सिंदूर बंदन, वरमाला कार्यक्रम का आयोजन किया गया स साथ ही सांसद द्वारा योजना अंतर्गत नवविवाहित जोड़ों को 36 हजार रूपए प्रति जोड़े के मान से सहायता राशि का चेक भी प्रदान किया गया । सांसद, अधिकारियों कर्मचारियों, उपस्थित जनप्रतिधियों व वर–वधु के परिजनों ने नवविवाहित जोड़ो को शुभकामनायें व आशीर्वाद देते हुए उनके उज्जवल भविष्य की कामना की । सामूहिक विवाह कार्यक्रम में सांसद लोकसभा क्षेत्र जांजगीर चांपा श्रीमती कमलेश जांगडे ने कहा कि आज सक्ती जिले में मुख्यमंत्री कन्या विवाह योजना अंतर्गत 120 जोड़ो का विवाह संपन्न हुआ है, यह सक्ती जिले के लिए बहुत ही हर्ष की बात है स उन्होंने इस अवसर पर नवविवाहित जोड़ो का गठबंधन करते हुए बारी–बारी से सभी जोड़ो को आशीर्वाद दिया स उन्होंने सभी नव दाम्पत्य जोड़ो को विवाह के गठबंधन की बधाई दी तथा नव दाम्पत्य जीवन में प्रवेश करते हुए हसी खुशी सुखमय जीवन व्यतीत करने के लिए शुभकामनाएं दी स सांसद श्रीमती जांगडे ने वर और वधु दोनों को अपने माता–पिता के समान ही अपने सास–ससुर को भी सम्मान देने का आग्रह किया स इस अवसर पर प्रभारी महिला एवं बाल विकास विभाग अधिकारी श्रीमती श्याम कंवर द्वारा मुख्यमंत्री कन्या विवाह योजना सहित अन्य विभागीय योजनाओं के संबंध में विस्तृत जानकारी नव वर–वधुओं सहित उपस्थित सभी को दी गई स इसके साथ ही इस अवसर पर महिला एवं बाल विकास विभाग द्वारा समस्त नवविवाहित जोड़ों तथा पंडाल में उपस्थित सभी जनप्रतिनिधियों व नागरिकों को बाल विवाह रोकथाम के लिए शपथ भी दिलाया गया स इस अवसर पर जनपद पंचायत सक्ती मुख्य कार्यपालन अधिकारी श्रीमती प्रीति पवार, परियोजना अधिकारी एकीकृत बाल विकास परियोजना जैजैपुर श्रीमती पुष्पलता अग्रवाल, सखी वन स्टॉप सेंटर के संचालन समिति की सदस्य सुश्री अन्नापूर्ण राठौर सहित विभिन्न जनप्रतिनिधि एवं महिला एवं बाल विकास विभाग के समस्त आंगनबाड़ी कार्यकर्ता, सुपरवाईजर, नवविवाहित जोड़ों के परिजन, गणमान्य नागरिक व मिडिया प्रतिनिधि आदि उपस्थित थे।

# गणतंत्र दिवस पर पंचायत विभाग को झांकी में प्राप्त हुआ तृतीय स्थान



**सूरजपुर 27 जनवरी 2025–26 जनवरी 2025** गणतंत्र दिवस के अवसर पर, जिला पंचायत सीईओ कमलेश नंदनी साहू के मार्गदर्शन में जिला पंचायत की टीम द्वारा पंचायत एवम ग्रामीण विकास विभाग अंतर्गत मनरेगा, आवास, एनआरएलएम, एसबीएम अंतर्गत थीम का चयन कर झांकी प्रस्तुत की गई। जिसमें पंचायत विभाग के झांकी को 10 विभागों द्वारा प्रस्तुत झांकी में से तृतीय स्थान प्राप्त हुआ । जिसमें मुख्य अतिथि एवम कृषि मंत्री राम विचार नेताम के द्वारा जिला पंचायत टीम को मोमेंटो देकर सम्मानित किया गया।

# 76वां गणतंत्र दिवस पर अग्रसेन स्टेडियम ग्राउंड में ध्वजारोहण कर मंत्री रामविचार नेताम ने जिलेवासियों को किया संबोधित

## वीर शहीदों के परिजनों का सम्मान कर, सादगी पूर्वक मनाया गया गणतंत्र दिवस





**सूरजपुर 26 जनवरी 2025**–76वें गणतंत्र दिवस के अवसर पर सूरजपुर जिले में अग्रसेन स्टेडियम ग्राउंड में मुख्य अतिथि मंत्री रामविचार नेताम द्वारा ध्वजारोहण किया गया। इसके पश्चात परेड की सलामी लेकर मुख्य अतिथि ने जिले वासियों के लिए मुख्यमंत्री के संदेश का वाचन किया। कार्यक्रम स्थल पर शॉल व श्रीफल देकर स्वतंत्रता संग्राम सेनानी और शहीद के परिवारों का सम्मान भी किया गया और सादगी पूर्वक गणतंत्र दिवस के इस पर्व को मनाया गया। इस अवसर पर मुख्य अतिथि द्वारा आकाश में शांति के प्रतीक के रूप में सफेद कपोत एवम रंगीन गुब्बारे भी छोड़े गये। कार्यक्रम में मुख्य अतिथि रामविचार नेताम द्वारा ठीक सुबह 09 बजे ध्वजारोहण किया। इसके पश्चात परेड की सलामी ली गई। मुख्य अतिथि रामविचार नेताम ने प्रदेश के मुख्यमंत्री विष्णु देव साय का आम जनता के नाम के संदेश का वाचन किया व साथ ही एकता और अखंडता का संदेश दिया।

इस समारोह में राष्ट्रगान की धुन पर जिला पुलिस बल द्वारा तीन राउंड में हर्ष फायर किया गया। समारोह में परेड की टुकड़ियों द्वारा सधे हुए और कदम–ताल मिलाते हुए शानदार मार्च पास्ट किया गया, जो आकर्षण का केंद्र रहा। मुख्य अतिथि ने सभी प्लाटून कमांडरों से परिचय प्राप्त किया और उनके साथ फोटो सेशन कराया। परेड में छत्तीसगढ़ सशस्त्र बल पुरुष, जिला पुलिस बल पुरूष, जिला पुलिस बल महिला, नगर सैनिक बल पुरूष, नगर सैनिक बल महिला, एनसीसी बालक, स्काउड गाईड बालक एवं बालिका , एन एस एस शामिल थे। इसके पश्चात विभिन्न विभागों द्वारा विभिन्न थीम पर छत्तीसगढ़ की प्रगति पर आधारित आकर्षक झांकी भी निकाली गई। कार्यक्रम में विभिन्न स्कूलों कि छात्रों के द्वारा देशभक्ति से ओतप्रोत एवं सांस्कृतिक विविधता को दर्शाते हुए सांस्कृतिक कार्यक्रम की रंगारंग प्रस्तुति भी की गई।

इसके साथ साथ विभिन्न विभाग के अधिकारियों एवं कर्मचारियों को उनके क्षेत्र में उत्कृष्ट कार्य करने के लिए सम्मानित भी किया गया। गणतंत्र दिवस की इस पावन समारोह में कलेक्टर एस जयवर्धन, पुलिस अधीक्षक प्रशांत ठाकुर, अपर कलेक्टर जगन्नाथ वर्मा, जिला पंचायत सीईओ कमलेश नंदिनी साहू व अन्य जनप्रतिनिधि और जिला व पुलिस प्रशासन के अन्य अधिकारी, कर्मचारी, स्कूली छात्र छात्राएं, शिक्षक एवं बड़ी संख्या में सूरजपुर जिले के निवासी उपस्थित थे।

स्वामी, प्रकाशक मनीष वैद्य द्वारा मुद्रक रूपेश दुबे आर्यन ऑफसेट प्रिंटिंग प्रेस पावर हाउस रोड नमना कला अंबिकापुर, जिला सरगुजा छ, ग से मुद्रित करा कर एम,जी रोड संजयनगर (अजबनगर) जिला सूरजपुर छ, ग से प्रकाशित। संपादक – मनीष वैद्य मो0 नं0 – 9165046978